HJU

# हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय
HARIDEV JOSHI UNIVERSITY OF JOURNALISM AND MASS COMMUNICATION

**क्रमांक : प.6(र)(01)एचजेयू/परीक्षा/दीक्षांत समारोह/2023/** 19183 **दिनांक :** 25.01.2023

## दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों हेतु आवश्यक सूचना

हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर का प्रथम दीक्षान्त समारोह दिनांक 02.03.2023 को आर. ए. पोद्दार इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जेएलएन मार्ग, जयपुर के सभागार में आयोजित होगा, जिसमें वर्ष 2020, 2021, एवं 2022 में अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उपाधि, प्रथम वरीयता प्राप्त को स्वर्ण पदक तथा वरीयता प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे। विश्वविद्यालय में उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और अस्थायी वरीयता सूचियाँ विश्वविद्यालय की वैबसाइट www. hju.ac.in पर उपलब्ध है।

जो विद्यार्थी दीक्षान्त समारोह में शामिल होना चाहते हैं, वे विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर स्टुडैंट पैनल पर जाकर दिनांक 05.02.2023 तक अपना डाटा सत्यापन, पंजीकरण एवं दीक्षान्त शुल्क ऑनलाइन जमा करवाया जाना सुनिश्चित करें। यदि डिग्री-डाटा के संबंध में कोई परिवेदना हो, तो स्टुडैंट पैनल पर दिनांक 02.02.2023 तक ऑनलाइन अभ्यावेदन दर्ज करावें।

अस्थायी वरीयता सूची के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति दिनांक 02.02.2023 दोपहर 4:00 बजे तक मय प्रमाण परीक्षा नियंत्रक, हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर को **ce@hju.ac.in** पर ईमेल / व्यक्तिशः प्रस्तुत की जा सकती है। विलम्ब से प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा एवं स्थायी वरीयता सूची जारी कर दी जाएगी।

दीक्षान्त समारोह में शामिल होने के लिए उक्त सभी विद्यार्थियों को निर्धारित ड्रेस कोड में स्वयं की फोटो आई.डी. सहित उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

उपाधि / वरीयता प्रमाण-पत्र/ स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए निर्धारित ड्रेस कोड निम्नानुसार है :

1. पुरुष : सफेद रंग का पैन्ट-शर्ट / कुर्ता-पायजामा / धोती-कुर्ता तथा काले जूते।
2. महिला : सफेद रंग की साड़ी / सलवार सूट मय विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मेहरून रंग का बार्डर व ब्लाउज एवं चुन्नी / दुपट्टा एवं काले सेंडिल।

दीक्षान्त समारोह से सम्बन्धित सूचनाओं के लिए विश्वविद्यालय की वैबसाइट www. hju.ac.in का नियमित अवलोकन करें। इस संबंध में विद्यार्थियों को पृथक से कोई सूचना नहीं दी जाएगी।

(अबु सुफियान चौहान)
*आरएएस*
**कुलसचिव**

राजीव गांधी विद्याभवन | Rajiv Gandhi Vidya Bhawan
सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षासंकुल, जवाहरलाल नेहरू मार्ग | Sarvepalli Radhakrishnan Shiksha Sankul
जयपुर 302 015 (राजस्थान) | JLN Marg, Jaipur 302 015 (Rajasthan), India
+91 141 2710123 | registrar.hju@gmail.com | www.hju.ac.in

HJU, A UNIVERSITY ESTABLISHED BY AN ACT OF THE RAJ. STATE LEGISLATURE, IS A NATIONAL CENTRE FOR TEACHING, TRAINING AND RESEARCH IN JOURNALISM, MASS COMMUNICATION AND ALLIED FIELDS
पत्रकारिता, जनसंचार और संबंधित विषयों के शिक्षण, प्रशिक्षण और शोध के लिए राजस्थान विधानमंडल के अधिनियम द्वारा स्थापित राष्ट्रीय संस्थान